कार्यालय जिलाधिकारी, चन्दौली।

पत्रांकः 586 /वृहद रोजगार मेला/ चन्दौली/2022 दिनांकः 07, अक्टूबर, 2022

आदेश

कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आई0टी0आई0 के संयुक्त तत्वावधान में 12 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10.00 बजे से राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, रेवसा, थाना अली नगर, चन्दौली में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग ले रही हैं तथा मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आई0टी0आई0, डिप्लोमा एवं कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी, जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच है, प्रतिभाग कर सकते है। इस रोजगार मेले में लगभग 2000 या इससे अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की सम्भावना हैं।

अतः रोजगार मेले के सफल आयोजन के दृष्टिगत निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित दायित्व एतदद्वारा सौपते हुए निर्देशित किया जाता है कि सौपे गये दायित्वों का ससमय एवं सुव्यवस्थित ढ़ंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

क्र0सं0	अधिकारी का नाम व पदनाम	सौंपा गया दायित्व
1	2	3
01	उप जिला मजिस्ट्रेट, सकलडीहा	रोजगार मेले में आवश्यक कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराना
02	क्षेत्राधिकारी, पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।	रोजगार मेले में आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
03	श्रम प्रवर्तन अधिकारी, चन्दौली एवं कार्यदेशक, राजकी आई0टी0आई0, रेवसा, चन्दौली।	मा0 जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य महानुभावों के स्वागत की समस्त व्यवस्था, टेन्ट, स्टेज, बेरोजगार युवकों के पंजीकरण की व्यवस्था, माईक, वीडियोग्राफी, जलपान, स्वागत गीत, दीप प्रज्ज्वलन आदि की समस्त व्यवस्था
04	उपायुक्त उद्योग, चन्दौली।	रोजगार मेले में स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधियों को रोजगार मेले की सूचना देना तथा उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराना।
05	अग्रणी जिला प्रबन्धक, यू0बी0आई0, चन्दौली	रोजगार मेले में ऋण एवं स्वरोजगार से सम्बन्धित योजनाओं के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित विभिन्न बैकों के स्टाल लगाना
06	प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, रेवसा, चन्दौली।	रोजगार मेले में आये विभिन्न कम्पनियों के नियोजको को आवश्यक व्यवस्था एवं अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना।
07	अधिशासी अभियंता, जल निगम, चन्दौली।	रोजगार मेले में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराना। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत विभिन्न निजी कम्पनियों की रोजगार मेले में उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए अपनी कम्पनी हेतु युवकों का चयन कर सेवा योजित कराना।
08	मुख्य चिकित्साधिकारी, चन्दौली।	रोजगार मेले में चिकित्सक दल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था।
09	मुख्य अग्निशमन अधिकारी, चन्दौली।	रोजगार मेले में अग्नि शमन की व्यवस्था
10	जिला सूचना अधिकारी, चन्दौली।	रोजगार मेला का विभिन्न माध्यमों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कराना, दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निःशुल्क रोजगार मेले की सूचना प्रकाशित

		कराना।
11	जिला सेवायोजन अधिकारी, चन्दौली।	अधिक से अधिक कम्पनियों को रोजगार मेले के आयोजन की सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रतिनिष्ठि कम्पनियों की मेले में सहभागिता सुनिश्चित कराना, अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा चयनित कराकर रोजगार उपलब्ध कराना।
12	जिला विद्यालय निरिक्षक, चन्दौली।	जनपद के समस्त इण्टरमीडिएट कालेजों एवं महाविद्यालयों को रोजगार मेला की सूचना उपलब्ध कराते हुए विद्यालयों के के छात्रों को मेले में प्रतिभाग कराना।
13	प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन एवं प्रधानाचार्य चन्दौली पालिटेक्निक चन्दौली।	रोजगार मेले में अपने अधिष्ठान से पूर्व में उत्तीर्ण/प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रतिभाग करने हेतु सुचित करते हुए मेले में उनकी मेले में प्रतिभागिता सुनिश्चित कराना।
14	अधिशासी अधिकारी पं0दीन दयाल उपाध्याय नगर।	रोजगार मेला स्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, चूना छिड़काव, मोबाइल शौचालय की व्यवस्था।
15.	अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, चन्दौली	निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराना।

(ईशा दुहन)
जिलाधिकारी
चन्दौली।

पत्रांकः 586 /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. पुलिस अधीक्षक, चन्दौली।
2. मुख्य विकास अधिकारी,
3. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), चन्दौली।
4. जिला विकास अधिकारी, चन्दौली/उपायुक्त (स्वतः रोजगार), चन्दौली।
5. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0/उपायुक्त (श्रम रोजगार), चन्दौली।
6. उप कृषि निदेशक, चन्दौली/जिला कृषि अधिकारी, चन्दौली।
7. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद चन्दौली।
8. क्षेत्राधिकारी, पं0दी0द0उ0 नगर/सकलडीहा।
9. समस्त सम्बन्धित अधिकारी को अनुपालनार्थ।
10. जिला सूचना अधिकारी, चन्दौली।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद चन्दौली।
12. नाजिर, डी0आर0डी0ए0/कलेक्ट्रेट, चन्दौली।

जिलाधिकारी
चन्दौली।